भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3015
06 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए

एपीसी योजना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति

†3015. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवीः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020 के बाद महाराष्ट्र में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) योजना के लिए प्राप्त रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) और अनुमोदित तत्संबंधी परियोजनाओं की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) महाराष्ट्र की बारह एपीसी परियोजनाओं की स्थिति क्या है और उनकी मूल समय-सीमा, वर्तमान भौतिक प्रगति, संशोधित पूर्णता की समय-सीमा और कार्यान्वयनकर्ता अभिकरणों पर लगाई जाने वाली शास्ति, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है;

(ग) कितने प्रतिशत अनुदान का उपयोग किया गया है और उक्त परियोजनाओं के "कार्यान्वयन के अधीन" होने की दीर्घकालिक स्थिति के विशिष्ट कारण क्या हैं; और

(घ) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) के माध्यम से बाजार तक पहुंच प्रदान करने और फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का ब्यौरा क्या है, और इसके अंतर्गत लाभार्थियों और तत्संबंधी मूल्य संवर्धन इकाइयों की संख्या कितनी है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री चिराग पासवान)

(क): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) वर्ष 2017 से प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की एक घटक योजना के रूप में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) अवसंरचना सृजन योजना को कार्यान्वित कर रहा है। एपीसी योजना के अंतर्गत प्रस्तावों को समय-समय पर एमओएफपीआई द्वारा जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से संभावित निवेशकों/उद्यमियों से आमंत्रित किया जाता है। वर्ष 2020 के बाद महाराष्ट्र में एपीसी के लिए प्राप्त ईओआई और स्वीकृत परियोजनाओं का जिला-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): महाराष्ट्र राज्य में एपीसी योजना के अंतर्गत बारह अनुमोदित परियोजनाओं की स्थिति, जिसमें मूल समय-सीमा, वर्तमान भौतिक प्रगति और अनुदान उपयोग प्रतिशत शामिल है, **अनुबंध-II** में है। मंत्रालय योजना दिशानिर्देशों के अंतर्गत समय सीमा में विस्तार पर विचार करता है और उसे मंजूरी देता है। इसके अलावा, परियोजनाओं को लागू करने में देरी मुख्य रूप से परियोजना-विशिष्ट मुद्दों के कारण है, जैसे कि योजना कार्यान्वयन, भूमि अधिग्रहण, नियामक मंजूरी, बाजार संपर्क और प्रौद्योगिकी अपनाने सहित वैधानिक मंजूरी में देरी और योजना दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार जहां भी लागू हो, परियोजना को पूरा करने में देरी के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी पर जुर्माना लगाया जाता है।

(घ): पीएमकेएसवाई के अंतर्गत घटक योजनाएं अनुदान-सहायता/सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं। इस योजना का उद्देश्य आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना और मूल्य वर्धन सुविधाओं का सृजन करना, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूत करना, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और परिरक्षण को बढ़ाना, रोजगार सृजित करना और किसानों को बेहतर आय प्रदान करना है।

दिनांक 30.06.2026 तक, पीएमकेएसवाई के अंतर्गत , 1735 परियोजनाओं को मंजूरी (1,256 पूर्ण/प्रचालनरत) दी गई है, जिससे 37.76 लाख किसानों को लाभ हुआ है, 9.16 लाख नौकरियां सृजित हुई हैं, और 294.21 एलएमटी प्रति वर्ष प्रसंस्करण/परिरक्षण क्षमता का सृजन हुआ है।

घरेलू प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन, क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए पीएलआईएसएफपीआई वृद्धिशील बिक्री पर प्रदर्शन-लिंक्ड प्रोत्साहन प्रदान करती है। इसका विदेशों में ब्रांडिंग और मार्केटिंग घटक पात्र व्यय का 50% अनुदान देता है, जो बिक्री के 3% या प्रति वर्ष 50 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, की सीमा तक सीमित है।

पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत , महाराष्ट्र में, 41 विनिर्माण इकाइयां प्रचालनरत हैं और 1368.71 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। अनुमोदित पीएलआई इकाइयों ने आरटीसी/आरटीई खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत फल और सब्जियां, समुद्री उत्पाद, मोज़ेरेला पनीर, मिलेट-आधारित वस्तुएं और नवीन/जैविक खाद्य पदार्थों सहित विभिन्न खंडों में विनिर्माण उत्पादों के लिए लगभग 4,33,982 मीट्रिक टन प्रति वर्ष प्रसंस्करण क्षमता वर्धित की है।

*****

अनुबंध- I

दिनांक 06 अगस्त 2026 को उत्तर हेतु "एपीसी योजना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3015 भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वर्ष 2020 (वर्ष 2021 के बाद) के बाद महाराष्ट्र में एपीसी के लिए प्राप्त ईओआई और स्वीकृत परियोजनाओं का जिला-वार विवरण

जिला	ईओआई में प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	स्वीकृत परियोजनाएं
अहमदनगर	2	0
भंडारा	1	1
हिंगोली	3	0
जालना	5	0
लातूर	1	0
नागपुर	5	0
नासिक	2	0
पालघर	3	0
परभणी	1	0
पुणे	1	1
रायगढ़	1	0
सांगली	1	0
सोलापुर	4	1
ठाणे	2	0
	32	**3**

अनुबंध-II

दिनांक 06 अगस्त 2026 को उत्तर हेतु "एपीसी योजना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3015 भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

महाराष्ट्र राज्य में एपीसी योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	परियोजना निष्पादन एजेंसी (पीईए) का नाम	जिला	मूल पूर्णता समयरेखा के की तिथि	वर्तमान भौतिक प्रगति	स्वीकृत अनुदान (करोड़ रु. में)	जारी कुल अनुदान (करोड़ रु. में)	अनुदान उपयोग प्रतिशत
1	मेसर्स सह्याद्री फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड	नासिक	15.11.2019	पूर्ण और प्रचालनरत	8.65	8.44	100%
2	मेसर्स इंडिया मेगा एग्रो अनाज लिमिटेड	नांदेड़	15.11.2019	पूर्ण और प्रचालनरत	10	6.50	100%
3	मेसर्स स्वाभिमानी को-ऑप इंडस्ट्रियल एस्टेट लि. (सहकारी समिति)	कोल्हापुर	15.11.2019	पूर्ण और प्रचालनरत	9.99	9.06	100%
4	मेसर्स किसान संपदा फूड पार्क इंडस्ट्रीज	नागपुर	08.02.2020	पूर्ण और प्रचालनरत	9.69	8.34	100%
5	मेसर्स मधुर फूड पार्क एलएलपी	धुले	31.08.2020	पूर्ण और प्रचालनरत	8.97	8.08	100%
6	मेसर्स रेवा तापी वैली औद्योगिक विकास	नंदुरबार	01.08.2021	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (मूल और बुनियादी अवसंरचना कार्य कार्यान्वयन के उन्नत चरण में हैं)	10	6.75	67.50%
7	मेसर्स प्रवीण मसालेवाले	सतारा	24.08.2022	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (मूल और बुनियादी अवसंरचना कार्य कार्यान्वयन के उन्नत चरण में हैं)	10	6.75	67.50%
8	मेसर्स बाहेती कृषि समूह एलएलपी	वासीम	16.11.2022	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (मूल और बुनियादी ढांचा पूरा होने वाला है)	2.85	1.99	69.82%
9	मेसर्स चिंतेश्वर एग्रो प्रोसेसिंग प्रा. लि	बीड	17.11.2023	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (मूल और बुनियादी अवसंरचना कार्य कार्यान्वयन के उन्नत चरण में हैं)	8.28	5.65	68.23%
10	मेसर्स वर्षा एग्रो	पुणे	10.11.2024	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (लगभग 70% मूल ढांचा और 30% बुनियादी ढांचा पूरा हो चुका है)	10	3.28	32.80%
11	मेसर्स आर्य फूड एंड अदर प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग यूनिट	सोलापुर	20.11.2025	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (50% से अधिक मूल और बुनियादी ढांचे का काम पूरा हो चुका है)	10	3.33	33.33%
12	मेसर्स दिव्यांश एग्रो एंड फूड पार्क	भंडारा	10.05.2025	कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में (मूल और बुनियादी ढांचे के विभिन्न घटकों पर काम चल रहा है)	10	3.33	33.33%